वर्ष- 3 , अंक- 128
छपरा
9 अप्रैल गुरुवार
2026
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com | E-Paper | website : www.dainikkhojkhabar.live

# 40 दिन बाद थमी अमेरिका-ईरान की जंग, 2 हफ्ते के सीजफायर का ऐलान

**सीजफायर के ऐलान के बाद ईरान की राजधानी तेहरान में जश्न मनाया गया**



**तेल अवीव/ तेहरान/ वॉशिंगटन डीसी,एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच 40 दिन से जारी जंग के बाद आखिरकार 2 हफ्ते के सीजफायर पर सहमति बन गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि यह फैसला पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ की अपील के बाद लिया गया।

सीजफायर से पहले ट्रम्प ने ईरान को कड़ी चेतावनी दी थी कि अगर होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों को सुरक्षित रास्ता नहीं मिला तो वह उसकी पूरी सभ्यता खत्म कर देंगे। उन्होंने अहम इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमले की भी धमकी दी थी।

न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक यह डील पाकिस्तान की मध्यस्थता और आखिरी समय में चीन के दखल के बाद संभव हो पाई। पाकिस्तान ने 2 हफ्ते के सीजफायर का प्रस्ताव रखा था, जिसे ईरान ने स्वीकार कर लिया।

समझौते के तहत अमेरिका और इजराइल अपने हमले रोकेंगे। ईरान भी हमले बंद करेगा। इस दौरान होर्मुज स्ट्रेट से तेल, गैस और अन्य जहाजों की सुरक्षित आवाजाही ईरानी सेना की मदद से सुनिश्चित की जाएगी। इसके बाद अमेरिका और ईरान के बीच 10 अप्रैल को औपचारिक बातचीत पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में शुरू होगी। अब सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि क्या यह टोल अमेरिकी युद्धपोतों (नेवी के जहाजों) पर भी लागू होगा या नहीं। अमेरिका की नौसेना का 5वां बेड़ा बहरीन में है, जो फारस की खाड़ी के अंदर आता है। यह बेड़ा बहुत बड़े समुद्री इलाके की जिम्मेदारी संभालता है, जिसमें फारस की खाड़ी, ओमान की खाड़ी, लाल सागर और हिंद महासागर के कुछ हिस्से शामिल हैं। सिर्फ होर्मुज ही नहीं, बल्कि यह स्वेज नहर और बाब-अल-मंदेब जैसे अहम समुद्री रास्तों पर भी नजर रखता है।

### ईरान की दो शर्तों से मिडिल ईस्ट में अमेरिका की मौजूदगी पर संकट

ईरान ने अमेरिका के साथ हुए युद्धविराम के बाद दो ऐसी मांगें रखी हैं, जिनसे मिडिल ईस्ट में अमेरिकी नौसेना की मौजूदगी पर सवाल खड़े हो गए हैं।

- पहली मांग यह है कि होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों से टोल (शुल्क) लिया जाए।
- दूसरी मांग यह है कि अमेरिका अपनी सेना इस इलाके से हटा ले।



### ट्रम्प बोले- चीन ने बातचीत के लिए ईरान को तैयार किया

सीजफायर को लेकर ट्रम्प ने कहा है कि चीन ने ईरान को बातचीत के लिए तैयार करने में अहम भूमिका निभाई। एक टेलीफोनिक बातचीत में उनसे पूछा गया कि क्या चीन ने ईरान को सीजफायर के लिए प्रेरित किया। इस पर ट्रम्प ने कहा, 'हां, मैंने सुना है'। हालांकि, इस मुद्दे पर चीन के विदेश मंत्रालय की ओर से अभी आधिकारिक प्रतिक्रिया आना बाकी है। वहीं, वॉशिंगटन स्थित चीनी दूतावास के प्रवक्ता लियू पेंगयू ने कहा कि संघर्ष शुरू होने के बाद से ही चीन सीजफायर और युद्ध खत्म कराने के लिए काम कर रहा था। उन्होंने कहा कि चीन हर उस प्रयास का स्वागत करता है जो शांति की दिशा में हो और सभी पक्षों को बातचीत के जरिए मतभेद खत्म करने चाहिए।

### भारत ने यूएस-ईरान सीजफायर का स्वागत किया

भारत सरकार ने अमेरिका और ईरान के बीच हुए सीजफायर का स्वागत किया है। विदेश मंत्रालय ने 8 अप्रैल को जारी बयान में कहा कि यह कदम पश्चिम एशिया में स्थायी शांति की दिशा में अहम साबित हो सकता है। बयान में कहा गया कि भारत पहले भी लगातार यह जोर देता रहा है कि तनाव कम करने, संवाद और कूटनीति के जरिए ही इस संघर्ष को खत्म किया जा सकता है।

सरकार ने कहा कि इस जंग से लोगों को भारी पीड़ा झेलनी पड़ी है और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति तथा व्यापार नेटवर्क भी प्रभावित हुए हैं। भारत ने उम्मीद जताई कि होर्मुज स्ट्रेट के जरिए अंतरराष्ट्रीय व्यापार और समुद्री आवाजाही बिना किसी बाधा के जारी रहेगी।

# भवानीपुर सीट से ममता बनर्जी ने दाखिल किया नामांकन

**असम-केरल और पुडुचेरी में चुनाव प्रचार थमा**

**तिरुवनंतपुरम/गुवाहाटी/ कोलकाता/चेन्नई,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने भवानीपुर विधानसभा सीट से नामांकन भरा। भाजपा ने इसी सीट से सुवेंदु अधिकारी को उम्मीदवार बनाया है। वे नेता विपक्ष भी हैं।

सुवेंदु 2 अप्रैल को नामांकन कर चुके हैं। इस दौरान गृह मंत्री अमित शाह उनके साथ मौजूद थे। भवानीपुर के अलावा ममता और सुवेंदु नंदीग्राम से भी आमने-सामने हैं। 2021 में उन्होंने ममता को यहां से हराया था। वहीं, तमिलनाडु के सीएम स्टालिन करूर और इरोड में आज चुनावी सभा करेंगे। असम, केरल और पुडुचेरी में 9 अप्रैल को सिंगल फेज में वोटिंग है। इसलिए मंगलवार शाम 5 बजे तीन राज्यों में चुनाव प्रचार थमा।

**सुवेंदु अधिकारी ने कहा- मतदाता सूची से मेरा न ही ममता बनर्जी का नाम हटा, तो नाम हटा किसका :** पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता और भाबानीपुर और नंदीग्राम विधानसभा क्षेत्रों से भाजपा उम्मीदवार सुवेंदु अधिकारी ने कहा- मतदाता सूची से न तो मेरा नाम हटाया गया है और न ही ममता बनर्जी का, तो किसका नाम हटाया गया है।



### दिलीप घोष बोले- बंगाल में कानून-व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं

भाजपा नेता दिलीप घोष ने कहा- लोग BJP के साथ हैं क्योंकि उन्हें यह एहसास हो गया है कि अगर BJP सत्ता में नहीं आई, तो उन्हें काम के लिए इस जगह से पलायन करना पड़ेगा। यहां कानून-व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। इस बार बंगाल में बदलाव की लहर है। उन्होंने कहा कि मुर्शिदाबाद जिला पश्चिम बंगाल पर एक कलंक रहा है। सबसे ज़्यादा नकली आधार और वोटर कार्ड मुर्शिदाबाद में ही पाए जाते हैं। बांग्लादेशी घुसपैठियों की वजह से वहां बार-बार देश-विरोधी गतिविधियां होती रहती हैं। मुर्शिदाबाद के हिंदू मालदा की ओर पलायन कर रहे हैं। इन घुसपैठियों को देश से बाहर निकाल देना चाहिए।

## बिष्णुपुर में हिंसा के बाद तनावपूर्ण शांति, कर्फ्यू में ढील नहीं



**इंफाल,एजेंसी।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में हिंसा के बाद शांति बरकरार है, लेकिन क्षेत्र में भारी तनाव बना हुआ है। मंगलवार की घटना के बाद से यहां के लोगों में काफी गुस्सा है। दरअसल, मंगलवार को मोइरांग ट्रोंगलाओबी में एक दर्दनाक घटना हुई थी। यहां कुछ संदिग्ध उग्रवादियों ने एक घर पर बम फेंका, जिस समय परिवार घर में सो रहा था। इस हमले में एक पांच साल के बच्चे और उसकी छह महीने की बहन की मौत हो गई, जबकि बच्चों की मां गंभीर रूप से घायल हो गईं थी। इस घटना से लोगों में भारी गुस्सा फैल गया। जिसके बाद लगभग 400 लोगों की भीड़ ने सीआरपीएफ के एक कैंप पर हमला कर दिया।भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा बलों ने गोलियां चलाईं, जिसमें दो प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई और करीब 20 लोग घायल हो गए। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि सुरक्षा बल उग्रवादियों के खिलाफ कार्रवाई करने में नाकाम रहे हैं।

**हिंसा की आग आसपास के जिलों तक पहुंची:** हिंसा की आग इंफाल ईस्ट और वेस्ट तक भी पहुंच गई है। प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर टायर जलाए और पुलिस चौकी में तोड़फोड़ की।

## रेत माफिया ने वन रक्षक को ट्रैक्टर से कुचला

**मुरैना में अवैध परिवहन रोकने गई थी टीम; मर्डर के बाद रेत खाली की, फिर भागा आरोपी**



**मुरैना,एजेंसी।** मुरैना में रेत माफिया ने अवैध परिवहन पर कार्रवाई करने गई वन विभाग की टीम पर हमला कर दिया। बदमाशों ने वन रक्षक हरकेश गुर्जर को ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचल दिया। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात दिमनी थाना इलाके में रानपुर गांव चौराहे के पास बुधवार सुबह करीब 6 बजे की है। पुलिस ने बताया कि अवैध रेत परिवहन की सूचना पर वन विभाग की 6 सदस्यीय टीम कार्रवाई करने पहुंची थी। इसी दौरान ड्राइवर विनोद कोरी ने रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भागने की कोशिश की। वन रक्षक हरकेश गुर्जर रोकने के लिए आगे बढ़े तो विनोद ने उनको कुचल दिया। फिर ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भाग निकला। पास ही बने पेट्रोल पंप के सीसीटीवी कैमरे में आरोपी विनोद कोरी की तस्वीरें कैद हुई हैं। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़, एसपी समीर सौरभ और डीएफओ हरिश्चंद्र बघेल मौके पर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों से बात की। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

# सरकार बोली: कोर्ट धार्मिक परंपरा को अंधविश्वास नहीं कह सकता

● *आप एक्सपर्ट नहीं, यह फैसला विधायिका करेगी* ● *कोर्ट बोला- हमें रिव्यू का पूरा अधिकार*

**नई दिल्ली,एजेंसी।** धार्मिक स्थलों में महिलाओं के साथ भेदभाव मामले में सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को दूसरे दिन की सुनवाई जारी है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा- कोई सेक्युलर अदालत किसी धार्मिक प्रथा को सिर्फ अंधविश्वास नहीं कह सकती, क्योंकि उसके पास ऐसा तय करने की विशेषज्ञता नहीं होती।

उन्होंने कहा कि जो चीज नगालैंड के किसी समुदाय के लिए धार्मिक हो सकती है, वही मेरे लिए अंधविश्वास लग सकती है। हमारा समाज बहुत विविधतापूर्ण है, यहां अलग-अलग लोग, धर्म और मान्यताएं हैं। ऐसे में अदालत के लिए ऐसा फैसला देना खतरनाक हो सकता है।



### इस पर जस्टिस अमानुल्लाह ने कहा...

मिस्टर मेहता, आपने बात को बहुत आसान बना दिया है। अदालत के पास न्यायिक समीक्षा का अधिकार है कि वह यह तय कर सके कि अंधविश्वास क्या है। उसके बाद उस पर कानून बनाना या कार्रवाई करना विधानमंडल (संसद-विधानसभा) का काम हो सकता है, लेकिन यह नहीं कहा जा सकता कि अंतिम फैसला सिर्फ विधानमंडल ही करेगा। धर्म के मामलों में तर्क उसी तरह लागू नहीं किया जा सकता।

# खड़गे ने गुजरातियों पर दिए बयान पर खेद जताया: केरलम में गुजरातियों को अनपढ़ कहा था

**दिल्ली में कांग्रेस कार्यालय के बाहर महिलाओं का प्रदर्शन**

**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को गुजरातियों से जुड़े विवादित बयान पर खेद जताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि उनके बयान को जानबूझकर गलत तरीके से पेश किया गया। हालांकि वो अपने शब्दों पर खेद व्यक्त करते हैं।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक, खड़गे ने रविवार को केरल के इडुक्की में कहा था कि राज्य के लोग 'पढ़े-लिखे और समझदार' हैं और उन्हें गुमराह नहीं किया जा सकता, जबकि गुजरात और कुछ अन्य जगहों के लोग 'अनपढ़' हैं।उधर, गुजराती समुदाय के लोगों ने खड़गे के बयान को लेकर दिल्ली में कांग्रेस कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। खड़गे के खिलाफ नारेबाजी की और मांफी मांगने की अपील की।

**BJP बोली- राहुल, सोनिया जवाब दें :** BJP के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस नेतृत्व से इस पर जवाब मांगा। उन्होंने राहुल गांधी,



सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा से पूछा कि क्या वे खड़गे के बयान से सहमत हैं। प्रसाद ने कहा, 'क्या वे इस बयान से सहमत हैं? अगर राहुल गांधी में समझ है तो उन्हें इस टिप्पणी से दूरी बनानी चाहिए, इसकी निंदा करनी चाहिए और माफी की मांग करनी चाहिए।' गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि खड़गे को माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने साढ़े छह करोड़ गुजरातियों का अपमान ही नहीं किया है, बल्कि महात्मा गांधी और सरदार पटेल की पवित्र भूमि के गौरव को भी ठेस पहुंचाई है।

# उत्तराखंड- चारों धाम में बर्फबारी राजस्थान में भी ओले गिरे

**म.प्र.में 3 चक्रवात एक्टिव; 7 दिन में क्रमें आंधी से 15 की मौत**



**भोपाल/लखनऊ/शिमला/देहरादून, एजेंसी।** देश में एक साथ दो वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय होने से मौसम बदल गया है। उत्तराखंड के चारों धाम-केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री में बर्फबारी हो रही है। राज्य के सभी जिलों में बारिश हो रही है।राजस्थान के श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, नागौर समेत कई जिलों में तूफानी बारिश के साथ ओले भी गिरे। कई जिलों में एक इंच से ज्यादा पानी बरसा। वहीं, भरतपुर जिले में मकान पर बिजली गिरने से सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। बारिश की वजह से तापमान में 7 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है।यूपी के लखनऊ, गोरखपुर, गोंडा, जौनपुर, अलीगढ़ समेत 20 जिलों में आज तेज हवाओं के साथ रुक-रुककर बारिश हो रही है। 9 जिलों में ओले गिरने का अलर्ट है।

# पुडुचेरी में आज होगा मतदान, सभी तैयारियां पूरी व सुरक्षा व्यवस्था रहेगी चाकचौबंद

**पुडुचेरी,एजेंसी।** केंद्रशासित राज्य पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए आज यानी गुरुवार को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। इसके लिए शासन और प्रशासन स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पूरे प्रदेश के 30 निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 1,099 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं।बुधवार को मतदानकर्मियों को इवीएम सहित अन्य सामान के साथ जीपीएस युक्त वाहनों के माध्यम से मतदान केंद्रों तक रवाना कर दिया गया। उनके साथ पुलिस सुरक्षा और हथियारबंद जवानों को भी भेजा गया है। सुबह उम्मीदवारों और उनके एजेंटों की उपस्थिति में मतदान केंद्र पर सुरक्षित कमरों की सील खोली गई और ईवीएम तथा





नियंत्रण इकाइयों को अलग किया गया। सभी मतदान केंद्रों पर अर्द्धसैनिक बल, पुलिस और चुनाव अधिकारी तैनात किए गए हैं। ईवीएम मशीनों को संबंधित मतदान अधिकारियों को सौंप दिया गया है। सभी मतदान केंद्रों पर वेब कैमरों के माध्यम से नियंत्रण कक्ष से निगरानी की जा रही है।

तय कार्यक्रम के अनुसार कल सुबह 7 बजे से मतदान शुरू होगा और शाम 6 बजे समाप्त होगा। इसके बाद मशीनों को कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना केंद्रों तक लाया जाएगा। जहां इन ईवीएम को सुरक्षित कमरों में सील किया जाएगा। इन सुरक्षित कमरों की 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों से निगरानी होगी। इनकी सुरक्षा के लिए अर्द्धसैनिक बलों और पुडुचेरी पुलिस की तीन-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। अगले महीने की 4 तारीख को विधानसभा चुनाव के मतों की गिनती की जाएगी।चुनाव के लिए पुडुचेरी क्षेत्र के ईवीएम मशीनों को टैगोर आर्ट्स कॉलेज, मोतीलाल नेहरू पॉलिटेक्निक कॉलेज और महिलाओं का इंजीनियरिंग कॉलेज परिसरो में स्थित मतगणना केंद्रों के सुरक्षित कमरों में रखा गया था। पुडुचेरी केंद्र शासित राज्य के 30 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 1,099 ईवीएम, 1,099 कंट्रोल यूनिट और 1,099 वीवीपैट मशीनों का उपयोग किया जाएगा।

# राजस्थान की रिफाइनरी से नहीं निकलेगा कचरा, सबसे आधुनिक भी

**पीएम 21 अप्रैल को करेंगे उद्घाटन, 79 हजार करोड़ में बनी**



**जयपुर,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 अप्रैल को बालोतरा जिले में पचपदरा रिफाइनरी के पहले चरण का उद्घाटन करेंगे। मारवाड़ सहित पूरे राजस्थान के लिए रिफाइनरी के अलग मायने हैं। प्रोजेक्ट से बाड़मेर-जैसलमेर में इंडस्ट्रियल क्लस्टर विकसित होगा। इससे इंफ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स व सहायक उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा।

जनवरी से ही रिफाइनरी के पहले चरण के ट्रायल रन (कच्चे तेल का प्रसंस्करण) की तैयारी शुरू कर दी गई थी। इसमें जल्द कमर्शियल उत्पादन शुरू हो जाएगा।

मोदी 2 महीने में दूसरी बार राजस्थान आ रहे हैं। पीएमओ से मंजूरी मिलने के बाद सीएम भजनलाल शर्मा ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट करके इस बात की जानकारी दी है।

**रिफाइनरी का दो बार हुआ शिलान्यास :** पचपदरा रिफाइनरी का शिलान्यास पहली बार 22 सितंबर 2013 को हुआ था। उस समय तत्कालीन यूपीए की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने रिफाइनरी का शिलान्यास किया था। प्रदेश में अशोक गहलोत की सरकार थी। इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत करीब 37,230 करोड़ थी।

सत्ता परिवर्तन के बाद रिफाइनरी की शर्तों में बदलाव के बाद पीएम मोदी ने 16 जनवरी 2018 को फिर से इसके कार्य का औपचारिक शुभारंभ किया। इस समय इसकी लागत बढ़कर 43 हजार 129 करोड़ रुपए हो गई थी।

इसका काम 31 अक्टूबर 2022 तक पूरा किया जाना था, लेकिन पिछली कांग्रेस सरकार के समय 2 जून 2023 को परियोजना की लागत बढ़कर 72,937 करोड़ रुपए हो गई।

भजनलाल सरकार में कंपनी ने 24 जुलाई 2025 को रिफाइनरी के लागत मूल्य में द्वितीय संशोधन प्रस्ताव सरकार को प्रस्तुत किया।

इसके बाद इसकी लागत बढ़कर 79 हजार 459 करोड़ रुपए हो गई है। रिफाइनरी एचपीसीएल और राजस्थान सरकार का एक संयुक्त उपक्रम है।

# मैट्रिक-इंटर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत



**दैनिक खोज/छपरा (सारण)।** बनियापुर प्रखंड के हरपुर गांव स्थित नॉबेल पब्लिक स्कूल सह नवेल कोचिंग संस्थान में सोमवार को भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल, प्रमाण पत्र एवं प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, स्थानीय विधायक केदारनाथ सिंह तथा पत्रकार राकेश कुमार सिंह ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। पत्रकार राकेश कुमार सिंह ने कहा कि यह संस्थान अन्य कोचिंग संस्थानों से अलग है, जहां बच्चों पर किसी प्रकार का दबाव नहीं डाला जाता और न ही उन्हें पढ़ाई बीच में छोड़ने के लिए मजबूर किया जाता है। उन्होंने बताया कि यह संस्थान पिछले तीन दशकों से अधिक समय से लगभग निःशुल्क शिक्षा देकर समाज में एक मिसाल कायम कर रहा है। खासकर बेटियों की शिक्षा के लिए यह संस्थान वरदान साबित हो रहा है, जिससे अभिभावक भी निश्चिंत रहते हैं। वहीं सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि यह उनका गांव है और यहां के बच्चे जब पढ़-लिखकर आगे बढ़ेंगे तो पूरे क्षेत्र का नाम रोशन होगा। उन्होंने कहा कि यह संस्थान ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है, जहां शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दिए जाते हैं। स्थानीय विधायक केदारनाथ सिंह ने संस्थान से अपने पुराने संबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि वे नियमित रूप से यहां आकर बच्चों का उत्साहवर्धन करते हैं। उन्होंने संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे शिक्षा के क्षेत्र में मिसाल बताया। संस्थान के संचालक मनोज बाबा (डॉ. मनोज पांडे) के नेतृत्व में यह शिक्षण संस्थान क्षेत्र में शिक्षा का मंदिर बन चुका है, जहां आर्थिक स्थिति से ऊपर उठकर केवल पढ़ाई पर ध्यान दिया जाता है। बच्चों की मेहनत, लगन और अनुशासन को सराहते हुए अतिथियों ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर समाजसेवी रितेश सिंह, मुखिया कौशल किशोर सिंह, कुबेरनाथ पांडे, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश साह, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सलेंडर शर्मा, भाजपा नेता धीरज सिंह, सुरेंद्र सिंह, राजू सिंह (कार्यालय प्रभारी, बनियापुर विधानसभा), राजेश सिंह, अभिनाश सिंह, मनी भूषण, राणा सिंह वार्ड,सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## निगरानी टीम की बड़ी कार्रवाई

### छपरा में एक घूसखोर दारोगा को निगरानी की टीम ने रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जीरो टोलरेंस की बात करने वाली बिहार पुलिस के एक दारोगा को 09 हजार रुपए लेते रंगेहाथों निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने किया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सारण जिले के डोरीगंज थाना क्षेत्र में तैनात एक दारोगा की घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तारी ने पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिया हैं। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की इस कार्रवाई से जहां एक ओर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है, वहीं आम लोगों के बीच भी व्यवस्था को लेकर चर्चा तेज हो गई है। पुलिस सूत्रों की मानें तो बुधवार की सुबह निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने डोरीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत दफ्तरपुर पेट्रोल पंप के समीप एक निजी आवास पर छापेमारी कर सब-इंस्पेक्टर मोहित कुमार को 9 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। डोरीगंज थाने के थानाध्यक्ष राज शेखर ने दारोगा की गिरफ्तारी की पुष्टि की है, हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि रिश्वत किस विशेष मामले में ली जा रही थी। घटना के बाद पुलिस विभाग में खलबली मच गई है और उच्चाधिकारियों की नजर पूरे मामले पर बनी हुई है।आरोपी दारोगा एक मामले में राहत दिलाने के बदले पैसे की मांग कर रहा था, जिसकी शिकायत मिलने के बाद निगरानी टीम ने इसकी पुष्टि की और योजनाबद्ध तरीके से ट्रैप बिछाया है। पूर्व निर्धारित रणनीति के तहत जैसे ही मोहित कुमार ने रिश्वत की रकम स्वीकार की, पहले से मौके पर तैनात टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे दबोच लिया। छापेमारी के दौरान टीम ने आवश्यक साक्ष्य भी जुटाए है, जो मामले की जांच में अहम भूमिका निभाएगी। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को पटना ले जाया गया है, जहां उससे पूछताछ की जाएगी। बताया जाता है कि निगरानी टीम पहले से ही दारोगा के आवास के आसपास सादे लिबास में मौजूद थी और पूरे घटनाक्रम पर नजर रखे हुए थी। लेन- देन शुरू होते ही टीम सक्रिय हुई और आरोपी को पकड़ लिया। इस कार्रवाई को लेकर अधिकारियों का कहना है कि मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी गहराई से जांच की जा रही है और आने वाले समय में और खुलासे हो सकते हैं।इस संबंध में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो टीम का नेतृत्व करने वाले डीएसपी मोहम्मद वसीम फिरोज ने बताया कि डोरीगंज थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने शिकायत किया था कि दारोगा मोहित ने जमीनी विवाद से जुड़े एक मामले में उक्त व्यक्ति का नाम हटाने के बदले रिश्वत की मांग कर रहे थे। शिकायत की जांच के बाद निगरानी टीम ने जाल बिछाया और दारोगा को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया है। गिरफ्तारी के बाद निगरानी टीम आरोपी दरोगा को अपने साथ पटना ले गई है।अधिकारियों के अनुसार बताया गया कि आरोपी दारोगा को बुधवार को पटना कोर्ट में पेश किया जाएगा।गौरतलब है कि इससे पहले भी डोरीगंज थाना के ही एक अन्य दारोगा अमित कुमार पर 50 हजार रुपये की अवैध वसूली और धमकी देने के आरोप में निगरानी थाना, पटना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। राज्य के विभिन्न जिलों में इसी तरह के मामले लगातार सामने आ रहे है, जिस कारण पुलिस विभाग की छवि को धूमिल हो रही है। हालांकि, निगरानी की इस कार्रवाई से यह उम्मीद जरूर जगी है कि भ्रष्टाचार पर लगाम कसने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। लेकिन बिहार पुलिस भी जीरो टोलरेंस की बात करती है।

## दसवीं पास छात्रों का इंटरमीडिएट में नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक महाविधालय मशरक के प्राचार्य कुमार रवि रंजन सिंह ने बताया कि मैट्रिक उतीर्ण छात्र एवं छात्राओं के लिए इण्टरमीडिएट 11ह्लद्ध (सत्र 2026-28) में नामांकन की प्रकिया के लिए बोर्ड द्वारा ह्रस्नस्स् के माध्यम से दिनांक 08 अप्रैल से ऑनलाइन अप्लाई शुरू हो चुका है। ऐसे में सभी अभिभावक, छात्र और छात्राओ से विशेष रूप से कहना है कि मशरक महाविद्यालय मशरक में तीनों संकाय - कला, विज्ञान एवं वाणिज्य में सीमित सीट उपलब्ध है। प्राचार्य कुमार रवि रंजन ने बताया कि आवेदक जब नामांकन के लिए पोर्टल पर अप्लाई करें तो मशरक महाविद्यालय मशरक (सारण) में प्रथम चयन (फस्ट च्वाइस) कोड-41040 के साथ चयन करें। आप अपने क्षेत्र के महाविद्यालय में नामांकन के लिए आवेदन करे।

## नशामुक्ति संदेश के साथ दौड़ प्रतियोगिता 12 अप्रैल को होगा

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** नशा छोड़े, जीवन से जुड़े÷ और ÷स्वस्थ शरीर, स्वस्थ विचार, नशामुक्त समाज, खुशहाल परिवार÷ के संदेश के साथ आगामी 12 अप्रैल रविवार को प्रातः 05¬30 बजे मशरक के रामघाट खेल मैदान में भव्य दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन की जानकारी देते हुए आयोजक रंजन सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर कर खेल और स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करना है। प्रतियोगिता में लड़कों के लिए 1600 मीटर एवं 300 मीटर तथा लड़कियों के लिए 1000 मीटर एवं 300 मीटर की दौड़ रखी गई है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को साइकिल देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में मढ़ौरा? एसडीओ निधि राज, डीएसपी संजय कुमार सुधांशु, बीडीओ पंकज कुमार, थानाध्यक्ष अश्विनी कुमार तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा कार्यक्रम में नेशनल स्पोर्ट्स कोच रितेश सिंह, अध्यक्ष राहुल सिंह, गोलू सिंह (चैनपुर), तनु सिंह, साजिश सिंह, कुंदन सिंह (वकील), प्रिंस यादव, रोहित सिंह, कुंदन (ब्लॉगर), सन्नी सिंह, अनुराग ओझा, मोनू सिंह (ड्रीम सक्सेस), अजय कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी होगी। जदयू नेता मुकेश सिंह भी कार्यक्रम में शामिल रहेंगे। आयोजक रंजन सिंह ने क्षेत्र के सभी युवाओं एवं ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

## मशरक के लखनपुर गोलम्बर पर 14 अप्रैल को मनेगी अम्बेडकर जयंती

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के एन एच 227 ए राम जानकी पथ पर अवस्थित लखनपुर गोलम्बर पर 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता को लेकर टोटहा जगतपुर स्थित प्रधान कार्यालय में डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी अम्बेडकर लोक सेवा संघ के तत्वावधान में 14 अप्रैल को अम्बेडकर चौक पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रंधीर कुमार मांझी, पूर्व मुखिया ललन मांझी, मनोज कुमार राम, गुड्डू राम, सुदर्शन राम (सचिव), सुनिल सिंघम, अनिल मांझी, शिक्षक बिनोद बैठा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व मुखिया ललन मांझी ने कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक है और हमें उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में समानता और शिक्षा का प्रसार करना चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष रंधीर कुमार मांझी ने कहा कि अम्बेडकर जयंती केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाने का अवसर है। उन्होंने सभी लोगों से 14 अप्रैल को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। बैठक के अंत में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई और आयोजन को भव्य बनाने के लिए जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं।

## गोपालपुर में दो पशुओं के चोरी से पशुपालको में भय के महौल

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** चोर अब समानों के ही चोरी नहीं करते वल्कि गाँव के पशु को भी चुराना शुरू कर दिया है। सोनपुर प्रखंड क्षेत्र में लगभग आधे दर्जन से ऊपर अब तक चोर ने पशु को चुरा कर गायब कर दिया। पशु की चोरी की घटना से पशुपालकों में भय का माहौल बना हुआ है ऐसा ही एक उदाहरण नयागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपालपुर गांव में एक पशुपालको के बथान के पास पिकअप लगाकर दो किसने की गाय बथान से खोलकर आसानी से चले गए यह घटना गोपालपुर नर्मदेश्वर मंदिर के समीप सड़क किनारे घटित हुई। बुधवार की सुबह जब वहां के शिवाजी सिंह और आशुतोष सिंह ने अपने-अपने दरवाजे से गाय को गायब पाया तब उन्होंने आसपास खोजबीन शुरू की लेकिन कुछ आता पता नहीं चला। इस घटना से आसपास के पशुपालकों में खलबली मच गई। उक्त दोनों किसानों ने गाये चोरी के संबंध में पुलिस को लिखित आवेदन दिया है. घटना की सूचना मिलते ही थोड़ी देर में नायगांव पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। नयागांव पुलिस सीसीटीवी के फुटेज को खंगल रही है।

## बिहार बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं के सम्मान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन



**दैनिक खोज खबर/मकेर (सारण)।** वुधवार को को उत्क्रमित मध्य विद्यालय, चंदिला के प्रांगण में बिहार बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान में प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी महोदय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त जिला जज दिनेश कुमार शर्मा ने किया तथा मंच संचालन प्रभात कुमार सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से किंजल कुमारी 464 अंक सारण जिला में शीर्ष 8 वा स्थान तथा प्रखंड टॉपर बनने पर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त अनुष्का कुमारी 416 अंक,आकृति कुमारी 410 अंक एवं सबा अंजुम 406 अंक को भी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया तथा उपस्थित सम्मानित अतिथियों ने भी अपने निजी कोष से अनेकानेक निजी उपहार प्रदान किया। इस कार्यक्रम में गांव एवं प्रखण्ड के गणमान्य व्यक्तियों में डॉ सियाराम शर्मा, शिक्षक प्रीतम कुमार वर्मा,संतोष कुमार शर्मा,रंजीत कुमार शर्मा,धर्मेन्द्र मिश्रा,अरविंद शर्मा सहित अनेक अभिभावक उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक स्वामीनाथ प्र. गुप्ता के नेतृत्व में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों में चंदा कुमारी, धर्मेन्द्र कुमार शर्मा,शबनम बानो,प्रवीण कुमार सिंह,विमला यादव एवं मनीषा यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को निरंतर परिश्रम करने, अनुशासन बनाए रखने तथा जीवन में उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस सम्मान समारोह से बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह एवं नई ऊर्जा का संचार हुआ। अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## मैट्रिक में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित



**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के नारायणपुर पोखरा बाजार स्थित द राइजिंग विक्ट्री क्लासेज में मैट्रिक परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान 477 अंक (95.4त्न) प्राप्त कर सारण जिले में पांचवां स्थान हासिल करने वाले संदीप कुमार को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के डायरेक्टर उदय भारद्वाज एवं विजय भारद्वाज ने अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर उपस्थित मुखिया अमित कुमार सिंह, सरपंच संघ के प्रदेश महासचिव सुनिल कुमार तिवारी, आचार्य सुकेश त्रिवेदी, समाजसेवी रंजीत पाण्डेय, शिक्षक गुड्डू चौबे एवं पूर्व बीडीसी नागेन्द्र प्रसाद ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से ही सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने अन्य छात्रों को भी संदीप कुमार से प्रेरणा लेने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में सभी सफल विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके प्रयासों की सराहना की गई।

## बिना टिकट लेकर यात्रा को लेकर चला चेकिंग अभियान



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** छपरा, सिवान, जलालपुर, थावे, मशरख, छपरा कचहरी ,स्टेशन को आधार बनाकर छपरा कचहरी-थावे - मशरख रेल खण्ड पर सघन टिकट चेकिंग का अभियान चलाया गया। इस दौरान उक्त रेल खण्ड पर चलने वाली गाड़ी संख्या 75103 छपरा थावे डेमू , 75105 थावे नकहा जंगल डेमू , 55036 गोरखपुर सिवान सवारी गाड़ी, 55109 थावे मशरख छपरा कचहरी सवारी गाड़ी सहित विभिन्न सवारी गाड़ियों में किलाबन्दी कर सघन टिकट चेकिंग की गई है। इस टिकट जांच अभियान टीम के टिकट जाँच दल में मुख्य वाणिज्य निरीक्षक/ थावे विशाल कुमार सिंह, मुख्य टिकट निरीक्षक सईद अख्तर, राजेश सिंह, राजीव कुमार, अमित कुमार, सुधाकर मिश्रा, प्रकाश कुमार, श्रीमती प्रतिमा कुमारी, ममता कुमारी सहित कुल 08 टिकट जाँच कर्मचारियों एवं 01 रेलवे सुरक्षा बल के जवान के सहयोग से सघन टिकट जांच किया गया और बिना टिकट यात्रा एवं अनियमित टिकट पर यात्रा करने वाले कुल 103 यात्रियों को पकड़ा गया और उनसे रेल राजस्व के रूप में रु 27850 जुर्माना वसूलने के बाद छोड़ा दिया गया ।

## बस-बोलेरो की टक्कर में एक बोलरो सवार व्यक्ति की मौके पर मौत, पांच घायल रेफर

### तरैया के गवन्द्री गांव के समीप हुआ सड़क हादसा, बोलेरो के परखच्चे उड़े



**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** थाना क्षेत्र के तरैया-मढ़ौरा एसएच-73 मुख्य सड़क पर नन्दनपुर बाजार स्थित नेपाल सिंह हाई स्कूल गवन्द्री के समीप बुधवार की दोपहर बाद उस वक्त चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई, जब एक अनियंत्रित बस और बोलेरो के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस दर्दनाक सड़क हादसे में मौके पर ही एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से अनुमंडल अस्पताल मढ़ौरा में ईलाज के लिए भर्ती कराया गया है। ?जहां घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद दो व्यक्तियों को गंभीर अवस्था में छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। छपरा से भी ईलाज के बाद उनलोगों को पटना रेफर कर दिया गया। जहां उनलोगों का ईलाज चल रहा है। मृतक तरैया थाना क्षेत्र के पट्टी पचरौड़ गांव निवासी स्व0 राजेंद्र सिंह के 55 वर्षीय पुत्र मनोज सिंह बताएं गए। वही घायलों में गंभीर स्थिति में अमनौर थाना क्षेत्र के मनोरपुर गांव निवासी हरिमाधव सिंह की 42 वर्षीय पत्नी मीना देवी बताई गई है। जबकि अन्य घायलों में मनोरपुर गांव निवासी हरिमाधव सिंह, पुत्र अमन कुमार तथा भगवतपुर गांव निवासी अवधेश सिंह की पत्नी इंदू देवी एवं बोलेरो चालक बिंदेश्वरी रजक के पुत्र कृष्णा रजक शामिल है। बताया जाता हैं कि मीना देवी का छपरा के निजी अस्पताल में ऑपरेशन हुआ था और आज ऑपरेशन के बाद टांका कटवा कर अपने मायके भगवतपुर लौट रही थी। इसी दौरान वे लोग भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गए। घटना के बाद चीख-पुकार मच गई और अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। बोलेरो सवार सभी लोग छपरा से लौट रहे थे जैसे ही वे लोग नन्दनपुर बाजार स्थित नेपाल सिंह हाई स्कूल गवन्द्री के समीप पहुचे और भागवतपुर जाने के लिए गांव वाले रास्ते की तरफ मुड़े तभी तेज रफ्तार में सीवान से पटना जा रही शाने बिहार कि बस ने बोलेरो में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बोलेरो के परखच्चे उड़ गए और बोलेरो में सवार एक व्यक्ति कि मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक महिला की स्थिति नाजुक बनी हुई थीं। जबकि अन्य पांच लोग भी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के बाद बस चालक बस छोड़कर फरार हो गया। जबकि बस पर सवार यात्री इधर-उधर भागने लगे। वही घटना के समय मौजूद आस-पास के लोगों ने घायलों को बोलेरो से निकलकर अस्पताल किसी तरफ अस्पताल भेजवाया। जबकि बस की जोरदार टक्कर से मनोज सिंह की मौके पर ही मौत हो गई थी तथा उनका शव बोलेरो में ही फंसा रह गया था। ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची तरैया थाने कि पुलिस ने स्थिति को अपने नियंत्रण में किया तथा गैस कटर से बोलेरो का गेट काटकर मनोज सिंह के शव को बाहर निकला। घटना के बाद मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ के कारण कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया। जिसके बाद पुलिस ने समझा बूझकर सभी को शांत कराया एवं यातायात बहाल कराया। वहीं पुलिस ने दोनों शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज कर आगे की जांच एवं कार्रवाई में जुट गई।

# नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया



**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** मांझी नगर पंचायत क्षेत्र के हरदेव यादव कन्या उच्च स्थित खेल के मैदान में डिफेंस प्रीमियर लीग सीजन क्रिकेट क्लब द्वारा नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। नाइट टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन चकिया गांव निवासी एवम शहीद जेपी यादव की पत्नी सोनी देवी ने फीता काट कर किया। इससे पहले लीग मैच रिविलगंज बनाम बंगरा के बीच खेला गया। जिसमें बंगरा की टीम ने रिविलगंज की टीम को पराजित किया। दूसरा मैच मांझी तथा हरनारायण छपरा के बीच खेला गया, जिसमे सुपर ओवर में हर नारायण छपरा की टीम विजेता बनी। इस टूर्नामेंट में कुल आठ टीमें भाग ले रही है। अंपायर की भूमिका में लक्ष्मण यादव व रंजीत कुमार थे। मौके पर मुख्य अतिथि सोनी यादव ने बताया कि आज के समय में खेल बहुत जरूरी है। खेल से व्यक्ति का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। साथ ही बच्चों में अनुशासन बढ़ता है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी खेल की भावना से खेल खेलें और अपने जिला सहित देश का नाम रोशन करें। मौके पर प्रमोद यादव, अंजनी शर्मा, धर्मेंद्र यादव, अमित शर्मा, धर्मा यादव, राहुल यादव, रोशन यादव, नागेंद्र ठाकुर तथा संतोष शर्मा सहित सैकड़ों खेल प्रेमी मौजूद थे।

# मॉडल स्कूल के रूप में चिन्हित 20 उच्च विद्यालयों में आवश्यक संसाधन प्राथमिकता से कराया जायेगा उपलब्ध



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने बुधवार समाहरणालय सभागार में शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की। जिला के सभी प्रखंड में एक-एक, कुल 20 उच्च विद्यालय मॉडल स्कूल के रूप में चिन्हित किये गये हैं। इन सभी विद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों की मैपिंग एवं आवश्यक अतिरिक्त संसाधनों का आकलन कर विद्यालय के विकास के लिये कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश। मॉडल स्कूल में अतिरिक्त वर्ग कक्ष, शौचालय, चहारदीवारी, लेबोरेटरी, पेयजल, लाईब्रेरी, स्मार्ट क्लास आदि से संबंधित आवश्यकताओं को सूचीबद्ध कर प्रस्ताव तैयार करने के लिए निर्देशित किया गया। बताया गया कि मॉडल स्कूल में आवश्यकतानुसार शिक्षकों का चयन किया जा रहा है। राज्य स्तर से आयोजित मेरिट स्कॉलरशिप टेस्ट के आधार पर छात्रों का चयन प्रक्रियाधीन है।सभी मॉडल स्कूल एवं पीएम श्री स्कूल के मेंटरशिप एवं मोनिटरिंग का दायित्व जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी निभायेंगे। इसके लिये विद्यालयवार पदाधिकारी की टैगिंग सुनिश्चित की जा रही है। बुनियादी भाषा एवं संख्यात्मक दक्षता सुनिश्चित करने के लिये कक्षा 4, 5 एवं 6 के बच्चों को प्रथम चरण में अप्रैल-मई में भाषा एवं गणित की विशेष कक्षा का किया जायेगा आयोजन। जिला एवं प्रखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का ओरिएंटेशन किया गया है। प्रत्येक विद्यालय में दो-दो शिक्षकों को नामित किया जा रहा है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में शत प्रतिशत नामांकन एवं उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। सभी बीईओ को संबंधित विद्यालय के पोषण क्षेत्र के अभिभावकों के साथ बैठक कर छात्राओं के नामांकन एवं उपस्थिति में अपेक्षित सुधार लाने के लिए निर्देशित किया गया। उपविकास आयुक्त सभी केजीबीवी के वार्डेन एवं संबद्ध विद्यालयों के प्रधानाध्यापक के साथ बैठक कर नामांकन एवं उपस्थिति की गहन समीक्षा करेंगे।जिन विद्यालयों में छात्राओं की उपस्थिति में सुधार नहीं होगा, संबंधित वार्डेन एवं संबद्ध विद्यालय के प्रधानाध्यापक के विरूद्ध कार्रवाई का निदेश। जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं सभी डीपीओ केजीबीवी का नियमित रूप से निरीक्षण कर सुनिश्चित करेंगे ।जिला के 64 विद्यालयों में आईसीटी लैब संचालित, 169 अन्य माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों में आईसीटी लैब की स्थापना प्रक्रियाधीन है। आईसीटी लैब के लिए एआई आधारित विशेष करिकुलम तैयार करने को निर्देश दिया गया।मध्याह्न भोजन का नियमित निरीक्षण सभी बीआरपी एवं बीईओ सुनिश्चित कर स्पष्ट जाँच प्रतिवेदन देना सुनिश्चित करेंगे।

## परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी को लेकर कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छपरा के द्वारा बुधवार क़ो व्यापक शैक्षिक अराजकता एवं विश्वविद्यालय में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर अभाविप छपरा,सिवान, गोपालगंज, सोनपुर के कार्यकर्ता के द्वारा अति महत्वपूर्ण मांगों को शीघ्र पूरा करने हेतु विश्वविद्यालय परिसर में विरोध प्रदर्शन करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2023-27 के परिणाम जिस प्रकार से गड़बड़ी देखने को मिला है। शिक्षा के क्षेत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। जिसके विरोध में बुधवार के जय प्रकाश विश्वविद्यालय में विरोध प्रदर्शन हल्ला बोल के द्वारा छात्र-छात्राओं ने अपना आक्रोश प्रदर्शित किया जिसमें अभाविप प्रान्त सह मंत्री यशवंत कुमार सोनपुर ने कहां कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्र के भविष्य को बनाने के लिए बनाया गया ताकि उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें लेकिन जयप्रकाश विश्वविद्यालय में छात्र छात्राओं को पढ़ाई करने के वजाए परिणाम के लिए आन्दोलन करना पड़ता है। साथ ही परिणाम के साथ साथ उनके भविष्य के साथ भी खिलवाड़ किया जाता है। जो दुर्भाग्यपूर्ण है। अभाविप के एस एफ एस के प्रान्त सहयोग रवि पाण्डेय ने कहा कि अगर परिणाम में सुधार नहीं होगा तो हम छात्र अनिश्चितकालीन अनशन करेंगे वहीं राष्टीय कार्यकारिणी सदस्य मनोज गुप्ता ने कहां कि हम सभी छात्र छात्राएं को कक्षा में पढ़ाई करनी चाहिए तो आज हम रोड धरना पर बैठे हुए जो छात्र जीवन के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। वहीं पूर्व कालेज अध्यक्ष रजनीकांत जी ने कहा कि विश्वविद्यालय छात्र छात्राएं के लिए खुला है। तो छात्र छात्राएं को अन्दर जाने से क्यों मना किया जाता है। आज के इस आन्दोलन में प्रान्त एग्जीविशन के प्रान्त संयोजक वेद प्रकाश जी एस एफ डी सह संयोजक सचिन जी छपरा विभाग संयोजक अनिश कुमार छपरा विभाग सह संयोजक विशाल कुमार जिला संयोजक छपरा निरज कुमार प्रान्त कला सह संयोजक हर्षिता कुमारी नगर मंत्री आशीष कुमार रजनीकांत सिंह राजीव कुमार अमर पाण्डेय अर्पित कुमार शिवम् कुमार,निशा कुमारी,नितेश कुमार,निशा कुमारी,रिया कुमारी, प्रिया कुमारी, राधा कुमारी, अंजली कुमारी,रोमा कुमारी खुशी के साथ सैकड़ो छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## नारायणपुर में पशु बांझपन निवारण शिविर का आयोजन, मुखिया ने किया उद्घाटन

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के तत्वावधान में सात निश्चय-2 योजना के अंतर्गत तरैया प्रखंड के नारायणपुर पंचायत में पशु बांझपन निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन पंचायत के मुखिया अमित कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर पूर्व बीडीसी नागेंद्र प्रसाद, पशु चिकित्सक डॉ. बृजभूषण सिंह, नवीन कुमार सहित विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित रहे। आत्मनिर्भर बिहार अभियान के तहत पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य प्रबंधन को लेकर तरैया प्रखंड के नारायणपुर में विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पशुओं के स्वास्थ्य जांच, उपचार एवं बांझपन से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए विशेषज्ञों द्वारा आवश्यक परामर्श दिया गया। कार्यक्रम में पंचायत के किसान, वार्ड सदस्य एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। विशेषज्ञों ने पशुपालकों को वैज्ञानिक पद्धति से पशुपालन करने तथा समय-समय पर पशुओं की जांच कराने की सलाह दी। शिविर के माध्यम से पशुपालकों में जागरूकता बढ़ाने एवं पशुधन की उत्पादकता में वृद्धि लाने पर जोर दिया गया।

## एटीएम में हेराफेरी कर 20 हजार की फर्जी निकासी, एक आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/बनियापुर (सारण)।** बनियापुर थाना क्षेत्र के एक एटीएम में हेराफेरी कर फर्जी निकासी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान धीरज कुमार उर्फ धीरज यादव के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 2 अप्रैल 2026 को एक व्यक्ति ने बनियापुर थाना में लिखित आवेदन देकर बताया कि वह दोपहर करीब 1 बजे पीएनबी बैंक के एटीएम से पैसे निकालने गए थे। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने चालाकी से एटीएम मशीन में हेरफेर कर उनके खाते से 20,000 रुपये की अवैध निकासी कर ली। मामले की गंभीरता को देखते हुए सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर-2) के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज का गहन विश्लेषण किया, जिसके आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में बनियापुर थाना कांड संख्या-283/26, दिनांक 02.04.2026 के तहत बीएनएस की धारा 318(4) एवं 303(2) के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना के समय पहने गए कपड़े (शर्ट, ट्राउजर, चप्पल) और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। सारण पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि एटीएम का उपयोग करते समय सतर्क रहें, किसी अनजान व्यक्ति की मदद न लें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## पड़ोस की मृतक महिला को देखने गई दूसरी महिला को आया हार्ट अटैक, कुछ देर बाद हुई मौत

**दैनिक खोज खबर/मांझी( सारण)।** पड़ोसन की मौत की खबर पाकर मृतका के घर शोक जताने पहुंची एक अन्य महिला की भी हार्ट अटैक से मौके पर ही मौत हो गई। यह लोमहर्षक घटना मांझी थाना क्षेत्र के मेंहदीगंज गांव की है। बताते चलें कि चार दिन पहले मेंहदीगंज निवासी शत्रुघ्न चौधरी की पत्नी गीता देवी को ब्रेन हैमरेज की अवस्था में बेहतर इलाज के लिए परिजनों द्वारा पटना में एडमिट कराया गया था। इधर बुधवार की सुबह पटना में ही इलाज के दौरान उक्त महिला की मौत हो गई। बुधवार की सुबह मृतका का शव गांव में पहुंचते ही परिजनों के रुदन क्रंदन से आसपास का माहौल गमगीन हो गया। उधर मोहल्ले में रोने धोने की आवाज सुनकर मृतका के दरवाजे पर पहुंची पड़ोसन एवम स्व श्याम सुंदर महतो की पत्नी कौशल्या कुंअर को सदमें की वजह से हार्ट अटैक आ गया तथा वापस अपने घर पहुंचने के पहले ही उसने भी दम तोड़ दिया। एक ही दिन गांव की दो दो महिलाओं की हुई असामयिक मौत से गांव में मातम पसर गया है तथा दोनों के परिजन दाह संस्कार की तैयारी में जुटे हुए हैं।

## सोनपुर मंडल में विभिन्न बैंकों द्वारा विशेष शिविर का आयोजन

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर रेल मंडल कार्यालय स्थित सामुदायिक भवन में स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया , इंडियन बैंक , यूको बैंक , बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र एवं सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष बैंकिंग शिविर का भव्य एवं सफल आयोजन बुधवार को किया गया। यह पहल रेल कर्मचारियों को बेहतर, सुरक्षित एवं सुविधाजनक बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सहित मंडल के सभी शाखा अधिकारीगण की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही, सहभागी बैंकों के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं विशेषज्ञ भी उपस्थित रहे, जिन्होंने कर्मचारियों के साथ सीधे संवाद स्थापित कर उनकी बैंकिंग संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान किया। शिविर के दौरान सभी बैंकों द्वारा रिटेल सेल्स /प्रोडक्ट के अंतर्गत उपलब्ध विभिन्न योजनाओं, डिजिटल बैंकिंग सुविधाओं, वेतन खातों के लाभ, ऋण योजनाओं एवं अन्य ग्राहक हितैषी सेवाओं पर विस्तृत एवं प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण दिया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों को आधुनिक बैंकिंग सेवाओं से अवगत कराया गया, जिससे उनकी वित्तीय जागरूकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई विशेष रूप से, जिन रेल कर्मचारियों के खाते निजी बैंकों में संचालित थे, उनके लिए ऑन-द-स्पॉट ऋक्रके अंतर्गत नए खाते खोलने की सुविधा प्रदान की गई। इस पहल को कर्मचारियों से अत्यंत सकारात्मक प्रतिसाद प्राप्त हुआ तथा बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने इसका लाभ उठाया। कार्यक्रम में कुल 110 कर्मचारियों की सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण भागीदारी रही, जो इस आयोजन की सफलता का प्रमाण है। यह शिविर न केवल बैंकिंग सेवाओं के विस्तार में सहायक सिद्ध हुआ, बल्कि कर्मचारियों के लिए बेहतर वित्तीय प्रबंधन एवं सुविधाओं की दिशा में एक सशक्त मंच भी प्रदान किया।सपूर्ण कार्यक्रम का सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन किया गया, जिसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों का सराहनीय योगदान रहा।

## पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर पुलिस ने अवैध बालू बिक्री एवं मारपीट के मामले में कुल चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उक्त बात की जानकारी देते हुए सोनपुर थाना अध्यक्ष दिलीप कुमार ने बुधवार को बताया कि अवैध बालू लादकर बेचने के ख्याल से जा रहे ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार किया गया।मौके पर एक बालू लदे ट्रैक्टर को एन एच 19 गंडक पुल स्थित शिवबचन सिंह चौक के पास से जब्त कर लिया। गिरफ्तार ट्रैक्टर चालक बिट्टू कुमार पिता मदन राय घर सैदपुर थाना पहलेजा सोनपुर के निवासी है वहीं दूसरी ओर मारपीट के मामले में सोनपुर थाना क्षेत्र के परमानंदपुर के मुखिया गांव के सचिन कुमार पिता परशुराम राय,नितेश कुमार,अविनाश कुमार पिता परमा राय को गिरफ्तार कर लिया है कुल चार लोगों को छपरा जेल भेज दिया गया।

## स्वास्थ्य पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित




**दैनिक खोज खबर/जलालपुर( सारण)।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय खोरोडीह में विश्व स्वास्थ्य दिवस सप्ताह पर स्वास्थ्य विषयक क ई कार्यक्रम आयोजित किए गए। फिलिंग फूड फाउंडेशन के तरफ से आयोजित इस कार्यक्रम मे बच्चों के बीच क ई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की ग ई जिसमे स्वास्थ्य पोस्टर प्रतियोगिता एवं हैंड वॉश डेमो प्रतियोगिता प्रमुख रुप से शामिल है। इस प्रतियोगिता मे 50से अधिक छात्र छात्राओं ने भाग लिया।जिसमे दर्जन भर छात्र छात्राओं को प्रधानाध्यापक मनिंद्र कुमार पाण्डेय ने पुरस्कृत किया। मौके पर एनजीओ प्रतिनिधि ऋषि कांत सिंह ने पोषण सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारियां छात्रो के बीच दी। उन्होने सभी विद्यालयो मे ऐसे कार्यक्रम के आयोजन की बात कही। सभी ने कार्यक्रम आयोजन की सराहना की। मौके पर सपना कुमारी, पुतुल कुमारी आरती देवी रीमादेवी सहित सभी शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

## ट्रेन में बिना टिकट के यात्रा कर रहे 103 यात्रियों को टीटीई ने पकड़ा

**परवेज अख्तर/सिवान।** छपरा-सिवान-थावे-जलालपुर-मशरख-छपरा कचहरी रेलखंड पर बुधवार को बिना टिकट के यात्रा कर रहे 103 यात्रियों को टीटीई को पकड़ कार्रवाई की है। इस संबंध में वाराणसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शेख रहमान के नेतृत्व में वाराणसी मंडल विभिन्न रेल खंडों पर निरंतर टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को वाराणसी मंडल के छपरा, सिवान, जलालपुर, थावे, मशरख, छपरा कचहरी ,स्टेशन को आधार बनाकर छपरा कचहरी-थावे - मशरख रेल खंड पर सघन टिकट चेकिंग का अभियान चलाया गया। इस दौरान उक्त रेल खंड पर चलने वाली गाड़ी संख्या 75103 छपरा थावे डेमू , 75105 थावे नकहा जंगल डेमू , 55036 गोरखपुर सिवान सवारी गाड़ी, 55109 थावे मशरख छपरा कचहरी सवारी गाड़ी सहित विभिन्न सवारी गाड़ियों में किलाबंदी कर सघन टिकट चेकिंग की गई है। इस टिकट जांच अभियान टीम के टिकट जांच दल में मुख्य वाणिज्य निरीक्षक थावे विशाल कुमार सिंह, मुख्य टिकट निरीक्षक सईद अख्तर, राजेश सिंह, राजीव कुमार, अमित कुमार, सुधाकर मिश्रा, प्रकाश कुमार, प्रतिमा कुमारी, ममता कुमारी सहित कुल आठ टिकट जांच कर्मचारियों एवं एक रेलवे सुरक्षा बल जवान के सहयोग से सघन टिकट जांच किया गया। बिना टिकट यात्रा एवं अनियमित टिकट पर यात्रा करने वाले कुल 103 यात्रियों को पकड़ा गया और उनसे रेल राजस्व के रूप में 27 हजार 825 रुपये जुर्माना वसूलने के बाद छोड़ा दिया गया।

## पुण्यतिथि पर स्कॉलरशिप योजना शुरू, मंदिर निर्माण के लिए एक लाख दान




**दैनिक खोज खबर/दिघवारा(सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के त्रिलोकचक पंचायत के इशमैला गांव निवासी मशहूर शिक्षाविद, पूर्व प्राचार्य एवं विश्वविद्यालय के प्राध्यापक स्वर्गीय डॉ. जय किशोर सिंह की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर उनके सम्मान में एक सराहनीय पहल की गई। इस मौके पर आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन मेधावी छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने हेतु वार्षिक स्कॉलरशिप योजना की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का आयोजन बलदेव उच्च विद्यालय त्रिलोकचक के सभागार में किया गया, जहां विद्यालय की मेधावी छात्रा दिशा कुमारी को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। दिशा कुमारी ने बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है।उन्हें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री से सम्मानित शिक्षाविद डॉ. भीम सिंह भावेश द्वारा स्कॉलरशिप प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. भीम सिंह भावेश ने कहा कि यह पहल जरूरतमंद छात्रों के लिए नई उम्मीद लेकर आएगी। उन्होंने समाज के सक्षम लोगों से भी इस तरह की पहल को आगे बढ़ाने की अपील की। वहीं, डॉ. सिंह की धर्मपत्नी मीरा सिंह ने कहा कि उनका उद्देश्य है कि कोई भी बेटी आर्थिक अभाव के कारण अपनी पढ़ाई न छोड़े। कार्यक्रम के दौरान एक और महत्वपूर्ण सामाजिक योगदान के तहत परिवार द्वारा ईश्मेला स्थित काली मंदिर के निर्माण के लिए एक लाख का दान दिया गया। मंदिर निर्माण समिति के सदस्यों ने इसके लिए आभार जताया। विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार मिश्रा ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रेरणा मिलेगी। वहीं, डॉ. सिंह के पुत्र नंदन सिंह ने अपने पिता के अधूरे कार्यों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम में परिवार के अन्य सदस्यों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति ने माहौल को भावुक और प्रेरणादायक बना दिया। यह पहल शिक्षा और सामाजिक समरसता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुखिया गुडेश्वर प्रसाद सिंह,देवांशु सिंह,अंगद सिंह,जीतेश सिंह,चंदन सिंह,धनंजय सिंह आदि मौजूद थे।

## तीन अलग अलग स्थानों से शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सिवान।** जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों से उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर शराब बरामद करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं तीन वाहनों को भी जब्त किया है। मामले में उत्पाद सदर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अंकेश कुमार ने बताया कि पहली छापेमारी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गोपालगंज मोड़ के समीप से की गई। जहां एक पिकअप में छुपाकर लाई जा रही 1122.00 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए तस्कर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्कर वैशाली जिले के राजापाकर निवासी प्रवीण कुमार हैं। वहीं दूसरी छापेमारी एएसआई पिंटू कुमार के नेतृत्व में मैरवा थाना क्षेत्र के विजयीपुर चौक के समीप की गई। जहां एक सफारी वाहन से 927.00 लीटर देसी शराब बरामद की गई। वही दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्कर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बजरिया निवासी सह चालक सोनू कुमार व मैरवा थाना क्षेत्र के चितमठ निवासी सह उपचालक प्रीतम कुमार है। जबकि तीसरी छापेमारी नौतन थाना क्षेत्र के गलिमापुर में की है। जहां से एक खड़ी स्कार्पियो को बरामद की गई। तलाशी के दौरान स्कार्पियो से 1107 लीटर देसी शराब बरामद की गई, इसके बाद सभी तस्करों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां न्यायालय ने सभी को जेल भेज दिया।

## ओसामा शहाब के खिलाफ एफआईआर को बताया राजनीति से प्रेरित,निष्पक्ष जांच की मांग

- **रघुनाथपुर मामले में दर्ज एफआईआर को लेकर तेज हुई राजनीतिक बयानबाजी**
- **राजद नेताओं ने एफआईआर को बताया फर्जी और राजनीति से प्रेरित**
- **निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की उठी मांग**
- **ओसामा शहाब और डब्लू खान के समर्थन में उतरे स्थानीय नेता**

**परवेज अख्तर/सिवान।**जिले के रघुनाथपुर से जुड़ा एक मामला इन दिनों राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है। रघुनाथपुर के विधायक ओसामा शहाब और राजद नेता डब्लू खान के खिलाफ चंदन सिंह द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर को लेकर अब राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है।इस मामले में राजद के पूर्व विधायक हरिशंकर यादव के पुत्र एवं पूर्व मुखिया सुरेन्द्र प्रसाद यादव तथा राजद के वरिष्ठ नेता अफाक अहमद ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। दोनों नेताओं ने एफआईआर को राजनीति से प्रेरित और पूरी तरह फर्जी करार देते हुए इसकी कड़ी निंदा की है।राजद नेता अफाक अहमद ने बयान जारी कर कहा कि यह एफआईआर पूरी तरह बेबुनियाद है और इसके पीछे एक सोची-समझी साजिश है। उनका आरोप है कि विधायक ओसामा शहाब की बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर राजनीतिक विरोधियों ने उन्हें बदनाम करने की कोशिश की है। उन्होंने जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराने की मांग की, ताकि सच्चाई सामने आ सके।वहीं, सुरेन्द्र प्रसाद यादव ने भी कहा कि इस प्रकार के आरोप राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित हैं और इससे जनता के बीच भ्रम फैलाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सच्चाई सामने आने पर सभी आरोप स्वतः खारिज हो जाएंगे।स्थानीय राजद समर्थकों और नेताओं का भी मानना है कि ओसामा शहाब और डब्लू खान को जानबूझकर विवादों में घसीटा जा रहा है, ताकि उनकी राजनीतिक छवि को नुकसान पहुंचाया जा सके। समर्थकों का कहना है कि यह सब आगामी राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।फिलहाल यह मामला सिवान की राजनीति में एक बड़ा मुद्दा बन गया है और सभी की नजर प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई है। अब देखना होगा कि जांच के बाद क्या तथ्य सामने आते हैं और इस पूरे विवाद पर क्या निष्कर्ष निकलता है।

## प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का हुआ सम्मान समारोह आयोजित



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)** प्रखंड के टेहटी स्थित होली एंजल्स चिल्ड्रेन स्कूल परिसर में बुधवार को एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उन छात्रों को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया, जिन्होंने अपनी कक्षाओं में प्रथम पांच स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिल्हौरी पंचायत के सरपंच एवं समाजसेवी बजरंगी कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य मोहन कुमार ने की। प्राचार्य द्वारा सभी सफल विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि बजरंगी कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत और लगन ही उन्हें सफलता के शिखर तक पहुंचाती है। उन्होंने बच्चों को निरंतर परिश्रम करने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। साथ ही अभिभावकों एवं शिक्षकों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में शिक्षकों, अभिभावकों एवं स्थानीय लोगों की भी उपस्थिति रही, जिन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। समारोह का समापन उत्साह और प्रेरणा के माहौल के साथ हुआ।

## वारंटियों के खिलाफ हरिहरनाथ पुलिस की कार्रवाई, तीन गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** हरिहरनाथ थाना पुलिस ने फरार वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। सभी गिरफ्तार आरोपी सोनपुर नगर परिषद के हरिहरनाथ थाना क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। थानाध्यक्ष विमलेश कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि विभिन्न मामलों में वांछित वारंटी अपने-अपने घरों पर मौजूद हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम का गठन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान तीनों आरोपियों को उनके ठिकानों से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में नरेश पासवान (पिता- गोपाल पासवान), निवासी राज बागा मान सिंह, सोनपुर; भूषण साव (पिता- स्व. चंदेश्वर साव), निवासी पहलवान नगर, सोनपुर; तथा दिलीप कुमार साह (पिता- बनारसी साह), निवासी सोनपुर आदम शामिल हैं। तीनों के खिलाफ पूर्व से न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा।

## भाजपा नेता ने हत्या की आशंका जताई एसपी से सुरक्षा की लगाई गुहार

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर (सारण)।** सारण जिला भाजपा पश्चिमी के जिला मंत्री तथा इसुआपुर थाना क्षेत्र के गंगोई गांव निवासी सोनू कुमार सिंह उर्फ कुंवर सोनू ने अपनी हत्या की आशंका को लेकर एसपी सारण से सुरक्षा की गुहार लगाई है। एसपी को दिए गए आवेदन में उन्होंने कहा है कि विगत कुछ समय से कुछ असामाजिक एवं दुर्भावना से ग्रस्त लोग मुझे सामाजिक रूप से अपमानित करने, मेरी छवि धूमिल करने, मेरी हत्या करवाने तथा झूठे आपराधिक मामले में फंसाने की साजिश कर रहे हैं। कई बार अज्ञात लोगों द्वारा संदिग्ध तरीके से बाइक से उनकी गाड़ी का पीछा करने की बात भी कही गई है। आवेदन में भाजपा नेता में इन सब के पीछे पार्टी में अपनी बढ़ती लोकप्रियता एवं सक्रियता बताते हुए राजनीतिक द्वेष बताया है। साथ ही कहा है कि जरूरत पड़ने पर इससे संबंधित वे साक्ष्य भी प्रस्तुत करेंगे।

## भाजपा स्थापना दिवस पर गांव चलो अभियान बना जन-जागरण का महाअभियान

**परवेज अख्तर/सिवान।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी द्वारा बुधवार को राष्ट्व्यापी कार्यक्रम गांव चलो अभियान एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मान के अंतर्गत रघुनाथपुर एवं बड़हरिया विधानसभा क्षेत्रों में अभियान चलाया गया। कार्यक्रम न केवल संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि आमजन के साथ सीधे संवाद और विश्वास के सेतु को मजबूत करने का भी सशक्त माध्यम बना। अभियान का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी द्वारा किया गया। कार्यकर्ताओं की टीम ने गांव-गांव जाकर संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाया और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के समर्पण एवं संघर्ष को सम्मानित करते हुए उन्हें नई ऊर्जा प्रदान की। रघुनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत निखती गांव में पूर्व मंडल अध्यक्ष हरेंद्र सिंह को सम्मानित किया गया। टारी गांव में वरिष्ठ कार्यकर्ता सुनील सिंह एवं नागेंद्र सिंह, गभीरार में मजिस्टर सिंह, कौसड़ में अशोक दुबे, बड़ूआं में बेंचु सिंह, नवादा में नागेंद्र सिंह तथा रघुनाथपुर बाजार में विजय सोनी, रामेश्वर सोनी, दीनानाथ तिवारी, राजेंद्र तिवारी एवं रामदयाल पांडेय को अंगवस्त्र एवं सम्मान चिह्न देकर सम्मानित किया गया। वहीं बड़हरिया विधानसभा क्षेत्र के पश्चिमी उत्तरी मंडल के अंतर्गत घरथवलिया में पूर्व मंडल अध्यक्ष शास्त्री मिश्रा सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं को भाजपा जिलाध्यक्ष के द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष ने केंद्र सरकार एवं बिहार सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से आत्मीय संवाद स्थापित किया। कहा कि गांव चलो अभियान के माध्यम से भाजपा न केवल संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बना रही है, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उसकी समस्याओं के समाधान के लिए भी प्रतिबद्ध है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष अनुरंजन मिश्रा, सत्यम सिंह सोनू, विजय यादव, धर्मेंद्र पटेल जेपी पांडेय, सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।----

## मवेशी से लदा ट्रक जब्त, चालक जय राम यादव गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सिवान।** जीबी नगर थाना क्षेत्र के माधोपुर गांव स्थित जीनबाबा के पास एनएच 227 ए पर मंगलवार की देर रात्रि पुलिस ने 30 मवेशी से लदा ट्रक को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार चालक गोरियाकोठी थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव निवासी जयराम यादव है। बताया जाता है कि मवेशी से लदा ट्रक चालक सिवान से मुजफ्फरपुर लेकर बिक्री करने के लिए जा रहा था, इसी बीच पुलिस ने शक के आधार पर ट्रक को रोकने का प्रयास किया तो ट्रक चालक तेज रफ्तार से गाड़ी लेकर भागने लगा। इस पर पुलिस ने पीछा करते हुए ट्रक को जीनबाबा स्थान के पास पकड़ लिया। पुलिस को देख चालक अंधेरा का फायदा उठाते हुए भागने का प्रयास किया तो पुलिस ने उसको दौड़ा कर पकड़ लिया। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मवेशी से लदा ट्रक को जब्त कर लिया गया है। गिरफ्तार चालक को पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि बरामद मवेशी को न्यायालय के आदेश के आलोक में गौशाला भेजा जाएगा।

## दिवसीय शतचंडी महायज्ञ के दूसरे दिन प्रवचन सुनने को उमड़ी भीड़

**महाराजगंज (सिवान)।** प्रखंड के पसनौली में चल रहे नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ महामहोत्सव के दूसरे दिन भागवत महापुराण कथा में श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथावाचक आचार्य मधुसूदन (सावन बिहारी) ने कथा के माध्यम से बताया कि व्यक्ति को ज्यादा लोभ नहीं करना चाहिए, ज्यादा लोभ से हानि ही होती है। उन्होंने रित वाक मुनि की कथा बताते हुए कहा कि जिस प्रकार से रित वाक ने अपने बच्चे पर समय से ध्यान नहीं दिया और उनका लड़का बिगड़ गया, उसी प्रकार से आज कल के मां- बाप अपने बच्चों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिसके कारण आज नवयुवक गलत रास्ते चुन लेते हैं और समाज में गलत प्रभाव पड़ता हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छा संस्कार दीजिए ताकी आगे चलकर आपके बच्चे मंजिल तक पहुंच सकें।

## फाजिलपुर मोड़ पर ट्रक व स्कार्पियो की टक्कर

**हुसैनगंज(सिवान)।** थाना क्षेत्र के सिवान - आंदर मुख्य मार्ग पर फाजिलपुर मोड़ के पास बीच सड़क पर बुधवार की शाम एक ट्रक ने स्कार्पियो को साइड से धक्का मार दिया, जिससे स्कार्पियो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि ट्रक को कोई क्षति नहीं हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इस घटना में दोनों चालक सुरक्षित हैं। वहीं घटना के बाद ट्रक चालक गाड़ी छोड़कर भागने में सफल रहा। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच घटना की जानकारी ली। एएसआइ राजकुमार सिंह ने दोनों गाड़ियों को सड़क पर से हटवाकर यातायात सुचारू कराया एवं दोनों गाड़ियों को थाने लाया।

## दूध टैंकर और चालक के खिलाफ प्राथमिकी

**सिवान।** बड़हरिया थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में अनियंत्रित दूध टैंकर के टक्कर से बाइक जलने का मामला सामने आया था। जिसको लेकर सिसवा निवासी सादिक जहांगीर ने थाना में आवेदन देकर दूध टैंकर और उसके चालक के खिलाफ प्राथमिकी कराई है। पुलिस ने आवेदन के आधार पर प्राथमिकी कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, सादिक जहांगीर ने अपने आवेदन में बताया है कि तीन अप्रैल की रात करीब आठ बजे अपने घर से अपनी बाइक से आवश्यक कार्य के लिए सिवान जा रहा था, इसी दौरान थाना क्षेत्र के कोइरीगांवा स्थित जिन बाबा के समीप बड़हरिया की ओर से तेज रफ्तार आ रही दूध टेंकर ने अनियंत्रित होकर उनकी बाइक में टक्कर मार दिया । टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह सड़क किनारे जा गिरा और उनकी बाइक में तुरंत आग लग गई। देखते ही देखते बाइक धू-धू कर जलकर राख हो गई। घटना के बाद टैंकर चालक वाहन छोड़ मौके से फरार हो गया। जली हुई बाइक उनकी मां रुखसाना खातून के नाम से निबंधित है। पीड़ित ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। इधर, बड़हरिया पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है और फरार चालक की तलाश जारी है।

## एसपी ने किया थाने का निरीक्षण

**बड़हरिया (सिवान)।** एसपी पूरन कुमार झा ने बुधवार की शाम बड़हरिय थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान लंबित कांडों के बारे में जानकारी ली। साथ ही अनुसंधानकर्ताओं को अविलंब लंबित कांडों का निपटारा करने का निर्देश दिया। एसपी ने थाना क्षेत्र में अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने के साथ ही शराब और शराबियों पर पैनी नजर रखने की बात कही। इन्होंने थानाध्यक्ष छोटन कुमार से आवश्यक पूछताछ की। साथ में विधि- व्यवस्था संधारण सहित अन्य पंजियों का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर पदस्थापित सभी अधिकारी और पुलिस कर्मी मुस्तैद दिखे।

# लोकतांत्रिक ढांचे की सबसे बड़ी ताकत उसका सार्वजनिक विमर्श है

**नीरज कुमार।** दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।भारत के लोकतांत्रिक ढांचे की सबसे बड़ी ताकत उसका सार्वजनिक विमर्श है, लेकिन विडंबना यह है कि आज वही विमर्श अपने मूल उद्देश्य से भटकता नजर आता है। नीतिगत मुद्दों–जैसे कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार–पर गंभीर चर्चा करने के बजाय अक्सर बहसें भावनात्मक, सतही और तात्कालिक विषयों में उलझ जाती हैं। इसका सीधा असर संसद के कामकाज पर भी पड़ता है, जहां कई बार महत्वपूर्ण नीतियों की जगह गैर-जरूरी और शोरगुल वाले मुद्दे हावी हो जाते हैं।हालांकि, इस शोर के बीच एक सशक्त और गंभीर व्यवस्था चुपचाप अपना काम करती रहती है–संसद की स्थायी समितियां। ये समितियां राजनीतिक शोर-शराबे से दूर रहकर गहराई से अध्ययन करती हैं और देशहित में ठोस सुझाव देती हैं। दुर्भाग्यवश, मीडिया और आम जनमानस का ध्यान इन समितियों की ओर अपेक्षाकृत कम जाता है, जबकि असल में यही संस्थाएं नीतिगत सुधारों की रीढ़ हैं।इसी क्रम में 27 मार्च को संसद की ÷कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण संबंधी स्थायी समिति÷ द्वारा प्रस्तुत ÷देश में तिलहन और दलहन का उत्पादन और उपलब्धता÷ विषयक 33वां प्रतिवेदन अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस समिति के अध्यक्ष चरणजीत सिंह चन्नी हैं, जो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से जुड़े हैं, वहीं बिहार के बक्सर से सांसद और पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह भी इसके प्रमुख सदस्य हैं। सुधाकर सिंह का राजनीतिक और सामाजिक जीवन विशेष रूप से कृषि और किसानों के मुद्दों से जुड़ा रहा है। बिहार के कृषि मंत्री के रूप में उन्होंने खेती-किसानी से जुड़े जमीनी मुद्दों को प्रमुखता से उठाया और किसानों की समस्याओं–जैसे लागत, समर्थन मूल्य, बाजार व्यवस्था और सरकारी खरीद–को लेकर स्पष्ट और मुखर रुख अपनाया। उनकी पहचान एक ऐसे जनप्रतिनिधि के रूप में रही है जो कृषि क्षेत्र की चुनौतियों को केवल नीतिगत स्तर पर नहीं, बल्कि जमीनी अनुभव के आधार पर समझते हैं। यही कारण है कि इस समिति में उनकी भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि वे किसानों की वास्तविक जरूरतों को नीति निर्माण में शामिल करने की क्षमता रखते हैं।इस रिपोर्ट में देश के कृषि ढांचे को मजबूत करने के लिए कई दूरदर्शी सुझाव दिए गए हैं। सबसे अहम सिफारिश यह है कि तिलहनों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर



खरीद को उत्पादन के 100त्न तक विस्तारित किया जाए और सभी दलहन उत्पादक राज्यों में अरहर, उड़द और मसूर की पूरी खरीद सुनिश्चित की जाए। यह कदम किसानों को बाजार की अनिश्चितता से बचाएगा और उनकी आय को स्थिरता देगा।इसके अलावा, समिति ने किसानों के लिए एक समर्पित ऑनलाइन पोर्टल और 24 घंटे की हेल्पलाइन स्थापित करने का सुझाव दिया है, जिससे किसानों को तत्काल जानकारी और सहायता मिल सके। दूरस्थ और सीमित कनेक्टिविटी वाले क्षेत्रों में नए खरीद केंद्र खोलने की सिफारिश भी ग्रामीण किसानों के लिए राहतकारी साबित हो सकती है।बीजों की गुणवत्ता और मूल्य नियंत्रण को लेकर भी समिति ने गंभीर चिंता जताई है। इसके लिए एक राष्ट्रीय नियामक संस्था के गठन तथा 1966 के पुराने कानून की जगह नया बीज विधेयक लाने की आवश्यकता बताई गई है। यह न केवल किसानों को बेहतर गुणवत्ता के बीज उपलब्ध कराएगा, बल्कि कृषि में नवाचार को भी बढ़ावा देगा। सबसे महत्वपूर्ण चिंता का विषय खाद्य तेलों का भारी आयात है, जो भारत की खाद्य सुरक्षा और आर्थिक संतुलन दोनों के लिए चुनौती बनता जा रहा है। समिति ने स्पष्ट रूप से कहा है कि भारत को तिलहन और दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। दरअसल, तिलहन और दलहन केवल कृषि उत्पाद नहीं हैं, बल्कि यह देश के पोषण और स्वास्थ्य से सीधे जुड़े हुए हैं। प्रोटीन और आवश्यक पोषक तत्वों का प्रमुख स्रोत होने के कारण इनकी उपलब्धता हर नागरिक के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। ऐसे में यह रिपोर्ट केवल किसानों के हित की बात नहीं करती, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के स्वास्थ्य और देश की आर्थिक आत्मनिर्भरता से भी जुड़ी हुई है। जरूरत इस बात की है कि आम नागरिक, किसान संगठन और जागरूक समाज इस तरह की सिफारिशों को गंभीरता से लें और सरकार पर इन्हें लागू करने के लिए सकारात्मक दबाव बनाएं।अंततः, यदि हम सच में एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करना चाहते हैं, तो हमें अपने सार्वजनिक विमर्श को भी उतना ही परिपक्व बनाना होगा। शोर और सनसनी से आगे बढ़कर नीतिगत मुद्दों पर गंभीर चर्चा ही लोकतंत्र को सशक्त बनाएगी और देश को विकास के सही मार्ग पर ले जाएगी।

## भगवानपुर गोली कांड का पुलिस ने किया उद्भेदन, पिस्तौल बरामद

**परवेज अख्तर/सिवान।** भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के बहियारा चंवर के समीप बेचिरागी मिर्जापुर गांव के समीप मंगलवार की शाम में गोली लगने से एक युवक के घायल होने के मामले का महाराजगंज एसडीपीओ के गाइड लाइन पर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह अपने टीम के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड का उद्भेदन कर दिया है।इस मामले में एसडीपीओ अमन ने भगवानपुर हाट थाना परिसर में बुधवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि सारण के तरैया थाने के सरैया रत्नगर निवासी पवन कुमार एवं दीपक कुमार एक बाइक से पिस्टल बेचने आए थे। खरीद-बिक्री का स्थल बेचिरागी मिर्जापुर गांव का सुनसान स्थल चुना गया था जहां भगवानपुर गांव का रंजन कुमार खरीदने के लिए पहुंचा था। पिस्टल की जांच के दौरान दीपक कुमार से गोली चल गई, जो पवन को लग गई। घटना के बाद रंजन कुमार पिस्टल लेकर फरार हो गया और दीपक घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां से स्थिति गंभीर होने पर भगवानपुर चिकित्सक द्वारा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस घायल को लेकर सदर पहुंची जहां से चिकित्सकों ने पीएमसीएच रेफर कर दिया है।एसडीपीओ ने बताया कि इस मामले के तीन आरोपितों में एक पवन कुमार पीएमसीएच में इलाजरत है, जबकि दीपक कुमार के निशानदेही पर रंजन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पिस्टल रंजन के पास से दो गोली के साथ बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि बरामद सामानों में एक पिस्टल, दो गोली 7.65 एमएम, एक मैगजीन, एक मोबाइल बरामद किया गया है। एसडीपीओ ने कहा कि 12 घंटा में कांड का उद्भेदन टीम का नेतृत्व कर रहे भगवानपुर हाट थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह, एसआइ सुनील कुमार, पीएसआइ छपित कुमार चौबे, पीएसआइ पूजा कुमारी एवं जवानों को पुरस्कृत किया जाएगा।

## एटीएम की मौत मामले में कृषि समन्वयक सहित तीन पर हत्या का प्राथमिकी

**परवेज अख्तर/सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के सिसवन ढाला लक्ष्मीपुर मोहल्ले के समीप मंगलवार की शाम सहायक तकनीकी प्रबंधक सह वैशाली जिले के गंगाब्रिज थाना क्षेत्र के मदारपुर निवासी अर्जुन सिंह की पुत्री सृष्टि कुमारी की मौत मामले में भाई यशवत कुमार ने नगर थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी कराई है। जिसमें आफिस में कार्यरत कृषि समन्वयक, एक निजी व्यक्ति सहित तीन पर हत्या करने का आरोप लगाया है। इसके बाद पुलिस मामले में जांच कर आगे की कार्रवाई में जुट गई। पुलिस नामजद आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। यशवत ने प्राथमिकी में बताया कि मेरी बहन सृष्टि कुमारी कृषि विभाग में एटीएम के पद पर हसनपुर प्रखंड में कार्यरत थी। वह सिसवन ढाला लक्ष्मीपुर स्थित अजय सिंह के मकान पर किराया के मकान में रहती थी। सात अप्रैल को वह कार्य पर नहीं पहुंची। तब उसके कार्यालय से दिन में मेरे मोबाइल पर कार्य पर नहीं पहुंचने संबंधी फोन आया। मैं अपनी बहन को फोन पर काल किया तो उसका फोन बंद आ रहा था। तब जानकारी हेतु मैंने मकान मालिक अजय सिंह को फोन किया और बात करने को कहा। तब वे किसी किरायदार एवं अन्य लोगों बताए। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को बरामद किया। बताया कि दरवाजा खुला होना, जिस रूम में रहती थी वह मृतका का घुटना फर्श पर होना व टुपट्टा पंखा में बंधा होना। यह दर्शाता है कि किसी व्यक्ति द्वारा सृष्टि की हत्या कर आत्महत्या के रूप देने की नियत से उसके गला में दुपट्टा बांध कर पंखा में बांधा गया है। वहीं एक सुसाइड नोट लिखकर रखा दिया गया जो मेरी बहन सृष्टि कुमारी के लिखावट में नहीं है। किसी व्यक्ति द्वारा मेरी बहन की हत्या की गई है। विदित है कि मेरी बहन के आफिस में कार्यरत कृषि समन्वयक नागेंद्र सिंह, निजी व्यक्ति सतीश कुमार व विचोलिया रंजन पांडेय का काम करता है। नागेंद्र सिंह जिसके खिलाफ पूर्व में मुख्य कृषि विभाग में काम में हस्तक्षेप करना, गलत तरीके से वीडियो बनना, गलत नियत से देखने का आवेदन दिया गया। इस संबंध में नगर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि मृतका के भाई के आवेदन पर प्राथमिकी हुई है। जल्द ही घटना में शामिल नामजदों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पेशेवर बदमाश व भू-माफिया विशाल सिंह गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सिवान।**बिहार एसटीएफ की विशेष टीम ने जिला पुलिस की मदद से कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर पेशेवर बदमाश सह भू-माफिया विशाल सिंह को गिरफ्तार लिया। गिरफ्तार विशाल सिंह ने पुलिस पूछताछ कर रही है। इस संबंध में एसटीएफ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सात अप्रैल बिहार एसटीएफ की विशेष टीम एवं जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मैरवा थाना कांड संख्या 364/25, में वांछित पेशेवर बदमाश सह भू-माफिया सह मैरवा थाना क्षेत्र के मोती छापर निवासी विशाल सिंह को मैरवा थाना क्षेत्र से छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार बदमाश द्वारा मैरवा थाना अंतर्गत हथियार के बल पर जमीन का कब्जा करना, रंगदारी वसूलना जैसी घटना को अंजाम दिया जाता था।उक्त बदमाश के विरुद्ध जिला के मैरवा थाना में रंगदारी एवं आर्म्स एक्ट सहित दो कांड दर्ज है।

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथ

**सीवान।** जीरादेई प्रखंड के छितनपुर स्थित मनोकामना मंदिर में बुधवार को कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। कथा का आयोजन 15 अप्रैल तक चलेगा। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से शिवपुर सकरा झारही नदी तक निकाली गई, इसमें हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भक्तों ने झरही नदी से जल को कलशों में रखा और यात्रा के साथ यज्ञ स्थल तक पहुंचे। कलश यात्रा में शामिल हाथी-घोड़े, बैंड-बाजा, सहित विभिन्न झांकियां शोभा बढ़ा रही थीं।

## अगलगी में गेहूं की फसल राख

**मैरवा(सिवान)।** थाना क्षेत्र के इंग्लिश टोला झझवां में अगलगी में करीब एक बीघा गेहूं की तैयार फसल जलकर राख हो गई। स्थानीय लोगों और फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया जा सका जिससे आसपास के खेतों में आग फैलने से रोक लिया गया। इससे बड़ी क्षति होने से बच गई। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। किसान धर्मनाथ गिरि ने इसकी सूचना थाने को दी है।

